# कार्यालय जिला एवं सेशन न्यायाधीश
# सवाई माधोपुर

क्रमांकः स्था./प.15/विविध/आदेश/1/2018/192 दिनांक 28.9.2018

## आदेश

**(क)**

इस कार्यालय के आदेश क्रमांक स्था./प.15/विविध/आदेश/1/2018/57 दिनांक 27.3.2018 में क्रमांक 14 पर अंकित श्री राजेश कुमार बैरवा (अनुसूचित जाति संवर्ग) की पदोन्नति तदर्थ आधार पर की गई थी।

श्री प्रेमराज बैरवा, लिपिक ग्रेड–II के विरूद्ध लम्बित फौजदारी प्रकरण में श्री प्रेमराज बैरवा के विरूद्ध दर्ज एफ.आई.आर. नं. 64/2012 पुलिस थाना मानटाउन, सवाई माधोपुर एवं उसमें की गई पश्चात्‌वर्ती कार्यवाही को आदेश दिनांक 27.04.2018 से माननीय उच्च न्यायालय द्वारा निरस्त (Quash) किया गया है, जिसके फलस्वरूप श्री प्रेमराज बैरवा, लिपिक ग्रेड–।। को लिपिक ग्रेड–I/रीडर ग्रेड–III के पद पर पदोन्नति हेतु पात्र पाया गया है।

अतः लिपिक ग्रेड–I/रीडर ग्रेड–III में कनिष्टतम होने के कारण श्री राजेश कुमार बैरवा, लिपिक ग्रेड–I/रीडर ग्रेड–III, न्यायालय अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश, गंगापुर सिटी को तुरन्त प्रभाव से लिपिक ग्रेड–II के पद पर पदावनत किया जाता है एवं उन्हे **दीवानी लिपिक न्यायालय सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, सवाई माधोपुर** के पद पर स्थानांतरित/पदस्थापित किया जाता है। श्री राजेश कुमार बैरवा का लिपिक ग्रेड–।। के पद पर नियमानुसार वेतन नियतन किया जावे।

**(ख)**

श्री प्रेमराज बैरवा, लिपिक ग्रेड–II, न्यायालय सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, सवाई माधोपुर को दिनांक 06.12.2017 से लिपिक ग्रेड–I/रीडर ग्रेड–III/शेरिस्तेदार–III (अनुसूचित जाति संवर्ग) के पद पर पदोन्नत किया जाता है।

श्री प्रेमराज बैरवा को उक्त पदोन्नति पर वित्तीय लाभ दिनांक 06.12.2017 से उनके पदोन्नति पद पर कार्यग्रहण की तिथि तक काल्पनिक (Notional) आधार पर देय होगें एवं पदोन्नत पद पर कार्यग्रहण की तिथि से वास्तविक वित्तीय लाभ देय होंगे। श्री प्रेमराज बैरवा का वेतन नियतन नियमानुसार किया जावे।

श्री प्रेमराज बैरवा, लिपिक ग्रेड–I, पदोन्नत कर्मचारी का पदस्थापन/स्थानान्तरण तुरन्त प्रभाव से **इजराय लिपिक, न्यायालय अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश, गंगापुर सिटी** के पद पर किया जाता है।

सम्बन्धित पीठासीन अधिकारीगण को निर्देश दिये जाते है कि उक्तानुसार पदावनत/पदोन्नत कर्मचारीगण (जैसी भी स्थिति हो) को तुरन्त प्रभाव से भारमुक्त कर, उनकी भारमुक्ति एवं नवीन कर्तव्य पर उपस्थिति की सूचना मय चार्ज रिपोर्ट की 02–02 अभिप्रमाणित प्रतियों सहित इस कार्यालय को भिजवाने की व्यवस्था करें।

(हरेन्द्र सिंह)
जिला एवं सेशन न्यायाधीश
सवाई माधोपुर

क्रमांकः स्था./3787-91 दिनांक 28.9.2018

प्रतिलिपिः–

1. प्रभारी अधिकारी, लेखा शाखा, जिला न्यायालय, सवाई माधोपुर
2. अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश, गंगापुर सिटी
3. सिविल न्यायाधीश एव न्यायिक मजिस्ट्रेट, सवाई माधोपुर
4. सर्वश्री प्रेमराज बैरवा/राजेश कुमार बैरवा

को सूचनार्थ/आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

5. आदेश/निजी/सम्बन्धित पत्रावली

जिला एवं सेशन न्यायाधीश
सवाई माधोपुर

E:\dj\Promotion & ACP\orders.docx